हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–39 : जौनपुर, शुक्रवार 30 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## आबकारी सिपाहीं के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सीएम योगी ने दिया नियुक्ति पत्र

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 332 आबकारी सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। सीएम योगी ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर नियुक्ति पत्र की बधाई देते हुए कहा कि ये राज्य सरकार के मिशन रोजगार का अंग है। आरक्षण के सभी नियमों का पालन करते हुए यह नियुक्ति पारदर्शी तरीके पूरी हुई। पिछले साढ़े पांच साल में पांच लाख से अधिक युवाओं को शासन की सेवाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। इस भर्ती प्रक्रिया में 30 फीसदी बालिकाओं का भी चयन हुआ है। ये नवरात्र के अवसर पर एक हर्ष का विषय है। सीएम ने कहा कि जहरीली शराब से समाज को अवगत कराकर उन्हें बचाने का कार्य महत्वपूर्ण है, डिस्टलरी में सिर्फ शराब के लिए एल्कोहलही नहीं बनती, बल्कि दवाओं के लिए भी उनका उपयोग होता है।उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले साढ़े पांच वर्ष में 33 से अधिक डिस्टलरी लगवाई हैं। 70 वर्षों में जितनी लगी,उसके आधे से अधिक हमने साढ़े पांच वर्षों में लगवाई। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस ने उनकी प्रक्रिया को सरल किया। 25 करोड़ की बड़ी आबादी वाले राज्य में व्यवस्था कानून के हिसाब से चले ये लोगों के लिए आश्चर्य का विषय होता है। आबकारी विभाग ने इस बात को तय भी किया कि पर्व त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाए जाएं। सीएम ने कहा



कि आज मिलावट शराब पिलाने की दुस्साहस नहीं कर सकता। अगर कहीं कोई दुस्साहस हुआ तो बहुत सारे लोग आज जेल में सड़ रहे हैं। ये सरकार की कार्रवाई का हिस्सा है। आबकारी विभाग ने ये कार्य बेहतर तरीके से किया और रेवेन्यू बढाने का भी कार्य किया। 2017 में तय किया कि हाईवे के किनारे, बस्तियों के चौराहों पर, अस्पताल के आसपास शराब की दुकान न हो। 2017 में हमारा आबकारी का रेवेन्यू 12 हजार करोड़ रुपये का था, जो 2022 में 42 हजार करोड़ का हो गया है। ये आबकारी विभाग की उपलब्धि है। जो लोग आबकारी विभाग की व्यवस्था में नुकसान पहुचाते थे, वो आज हटा दिए गए हैं। महामारी में भी लगातार राजस्व बढाया गया, ये टीम वर्क का हिस्सा है। सीएम ने कहा कि इन 332 आरक्षियों में 109 केवल महिला आरक्षी नियुक्त हो रही हैं। इससे पहले भी हमारी सरकार ने 85 आबकारी इंस्पेक्टर भी भर्ती किये, जो पारदर्शी तरीके से ये सम्पन्न हुआ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 31 अक्टूबर 2022 तक तथा दस्तक अभियान 07 से 21 अक्टूबर 2022 तक चलाया जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में संचारी अभियान के सम्बन्धा में की गयी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई एवं जुलाई 2022 अभियान के दौरान पाई गई खामियों एवं राज्य औसत से कम उपलब्धियों को इस अभियान में पूर्ण करने हेतु दिशा–निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय कार्य योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और जिन विभागों के द्वारा कार्य योजना उपलब्धा नही कराई है उन्हें तत्काल कार्य योजना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, सभासद, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को झाडियों की कटाई, नाली की साफ–सफाई और ग्रामवासियों को शौचालय के उपयोग करावाने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद में डेंगू की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि टीम का गठन कर रैंडम आधार पर 07 निजी चिकित्सालयों पर कुल 20 बुखार के रोगियों का सैंपल लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि डेंगू मरीजों का समुचित इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जनमानस से अपील किया है कि बुखार होने पर बिल्कुल नहीं घबराए और



राजकीय चिकित्सालय में जांच कराकर निःशुल्क इलाज करवाएं। अतः किसी प्रकार की डरने की कोई आवश्यकता नहीं है पर्याप्त संसाधन उपलब्धा हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव ने बताया कि बदलापुर में अब स्थिति पूर्णता सामान्य है डेंगू धनात्मक केस पहले की तुलना में अब बहुत कम हो गए हैं। 29 सितम्बर तक कुल 174 बुखार के रोगियों में से 94 रोगियों की डेंगू जांच की गई, जिसमें से 7 रोगी धनात्मक पाए गए। बदलापुर में निरंतर स्वास्थ्य विभाग एवं नगरपालिका के सहयोग से घर–घर सर्वे स्रोत विनष्टीकरण, छिड़काव, इंडोर कीटनाशक छिड़काव, फागिंग, प्रचार–प्रसार इत्यादि गतिविधियां संपादित की जा रही है। जिला मलेरिया अधिकारी वी0पी0 सिंह ने आमजनमानस से अपील किया है कि इस मौसम में बदन को पूरी तरह ढकने वाला वस्त्र पहने, घर के अंदर अथवा घर के बाहर कूलर, गमले, फ्रिज, एयर कंडीशनर, प्लास्टिक के बर्तन, बाल्टी, टायर में कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें एवं सप्ताह में एक बार अवश्य ऐसे पात्रों को सुखा कर रखें जिससे डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर के प्रजनन को रोका जा सके एवं बीमारी पर पूर्ण रूप से काबू पाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार, समस्त ब्लाकों के एमओआईसी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नेफेड वस्तुओं का ई–पॉस मशीन द्वारा वितरण कराये जाने के दिये गये निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि वितरण माह जून 2022 में निःशुल्क नेफेड वस्तुओं (तेल, नमक एवं चना) के वितरणोपरान्त जनपद के कतिपय उचित दर दुकानों पर नेफेड वस्तुओं की मात्रा अवशेष रह गयी थी। इस सम्बन्ध में माह जून, 2022 में नेफेड द्वारा आपूर्तित वस्तुओं के निःशुल्क वितरणोपरान्त अवशेष मात्रा के निस्तारण के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत उचित दर की दुकानों पर उपलब्ध अवशेष साबूत चना, आयोडाईज्ड नमक एवं रिफाईण्ड ऑयल के निःशुल्क वितरण हेतु एक नये वितरण चक, जिसकी अवधि 02 दिन (03 और 04 अक्टूबर 2022) रहेंगी, में ई–पॉस मशीन के माध्यम से वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त वितरण अवधि 03 एवं 04 अक्टूबर 2022 के मध्य अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी के ऐसे कार्डधारक, जिन्हें माह–जून, 2022 के सापेक्ष आयोडाइज्ड नमक (1 किग्रा० प्रति कार्ड), दाल/साबुत चना (1 किग्रा० प्रति कार्ड), रिफाइण्ड ऑयल (1 लीटर प्रति कार्ड) न प्राप्त हुआ हो, उन्हें ही वर्तमान विशिष्ट वितरण चक्र में उक्त वस्तुओं (तेल, नमक एवं चना) का निःशुल्क वितरण कराया जायेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार माह–जून, 2022 के सापेक्ष वितरण हेतु आवंटित नैफेड आपूर्तित वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को ही आयोडाइज्ड नमक (1 किग्रा० प्रति कार्ड), दाल/साबुत चना (1 किग्रा० प्रति कार्ड), रिफाइण्ड ऑयल (1 लीटर प्रति कार्ड) का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर अवशेष कार्डधारकों की सूची भी प्रदर्शित करेंगे, जिससे यह स्पष्ट रहे कि इस विशिष्ट वितरण चक्र में किन कार्डधारकों को उक्त अवशेष वस्तुएं वितरित की जानी है।

## उद्यमियों को बिना जमानत दो करोड़ के बैंक ऋण के लिए गारंटी देगी सरकार : शासनादेश जारी

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग में निवेश करने वाले उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक के कोलेटरल फ्री ऋण (यानी बिना गिरवी के ऋण) पर बैंकों की ओर से लिए जाने वाली वन टाइम गारंटी फीस राज्य सरकार वहन करेगी। एमएसएमई विभाग ने बृहस्पतिवार को एमएसएमई नीति–2022 को लागू करने संबंधी शासनादेश जारी कर दिया। यह नीति सितंबर 2027 तक प्रभावी रहेगी। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि नए सूक्ष्म उद्योग के लिए ऋण पर देय वार्षिक ब्याज का 50 प्रतिशत (अधिकतम 25 लाख रुपये) प्रति इकाई पांच वर्षों के लिए दिया जाएगा। वहीं उद्यमियों को पूंजीगत निवेश पर 10 से 25 फीसदी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को ऋण के ब्याज पर 60 फीसदी तक सब्सिडी दी जाएगी। सूक्ष्म इकाइयों के पात्र निवेश के लिए आवेदन अवधि दो वर्ष होगी। इस तरह लघु उद्योग के लिए तीन और मध्यम उद्योग के लिए चार वर्ष होगी। मंत्री ने बताया कि प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को अधिक से अधिक स्रोतों से क्रेडिट उपलब्धा कराने के लिए स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग पर खर्च के 20 प्रतिशत (अधिकतम 5 लाख रुपये) की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इन पर लागू नहीं होगी नीति तंबाकू उत्पादन, गुटखा, पान मसाला, अल्कोहल, वातयुक्त पेय पदार्थ, कार्बोनेटेड उत्पाद, पटाखों का विनिर्माण, प्लास्टिक कैरीबैग (40 माइक्रॉन से कम), राज्य सरकार की ओर से समय–समय पर प्रतिबंधित श्रेणी में वर्गीकृत मोटाई के प्लास्टिक बैग और समय–समय पर प्रतिबंधित श्रेणी सूची में श्रेणीकृत उत्पादों के निवेश प्रस्तावों पर यह नीति लागू नहीं होगी। पूंजी निवेश पर बतौर सब्सिडी सहायता देगी सरकार बुंदेलखंड व पूर्वांचल क्षेत्रों में क्रमशः 25, 20 और 15 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। मध्यांचल एवं पश्चिमांचल में क्रमशः 20, 15 और 10 प्रतिशत होगी। अनुसूचित जाति, जनजाति व महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत अतिरिक्त निवेश प्रोत्साहन सहायता प्रदान की जाएगी। निवेश प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा 4 करोड़ रुपये प्रति इकाई होगी। पांच करोड़ रुपये और इससे अधिक की मशीनरी एवं संयंत्र वाली सभी नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को कच्चे माल की खरीद पर पांच वर्ष के लिए मंडी शुल्क से छूट की व्यवस्था मंडी अधिनियम के अनुसार प्रदान की जाएगी। विभाग के औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों और शेडों के आवंटन की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाएगा।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति व जिला कन्वर्जेन्स कमेटी की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति/जिला कन्वर्जेन्स कमेटी की बैठक की गयी। जिलाधिकारी द्वारा आगनबाडी कार्यकत्रियों को केन्द्र सरकार से प्राप्त होने वाले परफारमेन्स लिक्ड इन्सेन्टिव (पी०एल०आई०) की समीक्षा की गयी, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माह जून 2022 में 383, माह जुलाई 2022 में 963 एवं माह अगस्त 2022 में 2132 आगनवाडी कार्यकत्रियों को पी०एल०आई० प्राप्त हुई है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाय की प्रत्येक माह शत–प्रतिशत आगनबाडी कार्यकत्रियों का पी०एल०आई० प्राप्त हो। उन्होंने आगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप पर किये जाने वाली फीडिंग एवं पोषण पुर्नवास केन्द्र (एन0आर0सी0) की समीक्षा की गयी, जिसमें सुईथाकला,



रामनगर, रामपुर, महराजगंज, एवं शाहलगंज की स्थिति खराब होने के कारण सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरो को राश आ रहा है नगर पंचायत उनवल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नगर पंचायत उनवल के बार्ड नम्बर 12 में बीती रात चोरों ने मनोज गुप्ता पुत्र स्व.हीरालाल गुप्ता के मकान में चोरो ने दरवाजा तोड़ लगभग 70 हजार का सामान चुरा ले



गये जिसकी सूचना पीड़ित ने मकान मालिक और उनवल पुलिस चौकी पर दी सूचना पाकर चौकी इंचार्ज उनवल दिनेश कुमार पाण्डेय अपने हम राहियों सग पहुंच पीड़ित से तहरीर ले जाँच में जुट गई। बताते चले कि मनोज गुप्ता का दो मकान है पुस्तैनी मकान वार्ड नं 6 में जहा पर यह लोग रहते है।जबकि वार्ड नं 12 नया मकान जहा चोरी हुई है।उक्त मकान को उनवल के ही निवासी ही माँ वैष्णो ट्रेडर्स के मालिक श्रीप्रकाश गुप्ता पुत्र कृपाल गुप्ता को भाड़े पर दे रख्खा जिसमे गुप्ता बेकरी का गोदाम बना रख्खा।इस गोदाम से ही गुप्ता रोजाना माल को लोड करा कर रिटेल (फुटकर)दुकानों के यहाँ भेजवाते है।आज सुबह जब श्रीप्रकाश गुप्ता अपने साधन के साथ गोदाम पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मकान के दरवाजे के ताला टूटा हुआ है और अंदर के कीमती सामान गायब है पहले तो पुलिस चोरी की घटना को लेकर सामान की रकम को ले कर उल्टे पीड़ित पर ही दबाव बनाने लगी फिर लोगो के विरोध पर जाँच कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। महज चन्द दिनों में दर्जनों चोरिया हो चुकी है। 11–9–22वार्ड नं 13 निवासी आलम शेख पुत्र स्व.सुबराती के मकान मे शटर के उपर बने बड़े रोशन दान के रास्ते घर के कमरे में रखे हुए बाक्स के ताले तोड़कर सोने का एक झूमका जिसकी कीमत दस हजार तथा एक चांदी का पायल कीमत चार हजार व चार सूट के कपड़े जिसकी कीमत करीब चार हजार होगी चोर उठा ले गये,27.8.22 को उनवल चौराहे पर पुलिस चौकी से मात्र 70 मीटर दूरी पर स्थित परवीन सिंह पुत्र बीर सिंह की दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर साठ हजार नगदी उठा ले गये बहुत दबाव के बाद खजनी पुलिस ने तीन दिन बाद चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया।वार्ड नं 3 के विनय मिश्रा के दरवाजे पर खड़ी दोपहिया रात में चोर उठा ले गये,परमात्मा सिंह के खाली मकान में चोर के साथ पांच बाइक ,दर्जनों साइकिल,पानी वाला मोटर पम्प,बैट्री,दुकानों में छोटी मोटी चोरी की घटनाएं आम हो गयी है।

### बहू की हत्या में दोषी सास को उम्रकैद : आग लगाकर उतारा था मौत के घाट

अलीगढ़ ब्यूरो : इगलास क्षेत्र के गांव अलहदा में विवाहिता की शादी के दस वर्ष बाद केरोसिन डालकर आग लगाकर मारने की घटना में दोषी सास को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। यह फैसला एडीजे–14 अभय प्रताप सिंह प्रथम की अदालत से सुनाया गया है। अभियोजन अधिवक्ता एडीजीसी हर्षवर्द्धन सिंह के अनुसार, घटना 30 अप्रैल 2011 की है। वादी मुकदमा मूल रूप से चौकड़ा मांट मथुरा हाल बालाजीपुरम औरंगाबाद मथुरा निवासी जयवीर सिंह ने इगलास में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें कहा कि उसने घटना से दस वर्ष पूर्व अपनी दो बहनों सावित्री व राजकुमारी की शादी अलहदा इगलास के दो भाइयों संतोष व हरिओम संग की थी। शादी के बाद से ही सावित्री को उसकी सास वीरमती परेशान करने लगी। घटना वाले दिन मारपीट कर उसे केरोसिन डालकर जला दिया गया। उपचार के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने सावित्री के मृत्यु पूर्व बयान भी दर्ज कराए। मुकदमे के आधार पर चार्जशीट आदि कार्रवाई की। न्यायालय में सत्र परीक्षण के दौरान साक्ष्यों व गवाही के आधार पर वीरमती को दोषी करार दिया गया है। हालांकि घटना के समय वीरमती की ओर से कहीं दूसरी जगह होने की दलील दी गई। मगर उसे साबित नहीं किया जा सका। इस आधार पर उम्रकैद व 20 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है। मतपेटिका लूट की घटना में जमानत अर्जी खारिज चंडौस के गांव ओगीपुर में 23 अगस्त 2005 को पंचायत चुनाव के मतदान के दिन मतपेटिका लूट की घटना में नामजद की जमानत अर्जी एडीजे–3 राजेश भारद्वाज की अदालत से खारिज की गई है। एडीजीसी केएम जौहरी के अनुसार इस घटना में गांव के ही नामजद अजय की ओर से जमानत अर्जी दायर की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया है। पूर्व विधायक मामले में अभियोजन को आखिरी मौका पूर्व विधायक वीरेश यादव के खिलाफ दादों थाने के वर्ष 2006 के मुकदमे में न्यायालय ने अभियोजन को गवाह पेशी का आखिरी मौका दिया है। एमपी/एमएलए मामलों की सुनवाई वाली निचली अदालत एसीजेएम प्रथम संदीप चौधरी के यहां इस प्रकरण में बृहस्पतिवार को सुनवाई की तारीख नियत थी। मगर नियत तारीख पर गवाह पेश नहीं किया जा सका। इस पर न्यायालय ने अंतिम अवसर देते हुए अब 11 अक्तूबर तारीख नियत कर दी है।

## सिविल लाइंस में महात्मा गांधी मार्ग पर कुंभ यात्रियों के लिए होगा अलग रास्ता

प्रयागराज ब्यूरा : ट्रेन–बस से कुंभ में आने वाले यात्रियों को बहुत असुविधा नहीं होगी और न ही भीड़ की वजह से शहरियों को जाम से जूझना होगा। कुंभ यात्रियों के लिए महात्मा गांधी मार्ग पर बस स्टेशन से हर्षवर्धन चौराहे तक अलग पथ बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। कुंभ–2025 को ध्यान में रखते हुए हर रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों से संगम की तरफ जाने वाली सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान शहर में वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। इसके अलावा जंक्शन तथा सिविल लाइंस बस अड्डे पर हजारों यात्री रोजाना उतरते हैं। प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान हर तरफ श्रद्धालु ही नजर आते हैं। इसकी वजह से महात्मा गांधी मार्ग पैदल आने–जाने वाले स्नानार्थियों का भी रेला लगा रहता है। इससे जाम के साथ यात्रियों को चोट लगने की भी आशंका बनी रहती है। इसके मद्देनजर सिविल लाइंस बस अड्डे से हर्षवर्धन चौराहे तक पैदल पथ के निर्माण का निर्णय लिया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ के किनारे काफी जगह खाली है। बीच–बीच में नर्सरी तथा अन्य स्थायी निर्माण हैं। इन्हें हटाकर पथ का निर्माण कराया जाएगा। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। कुंभ के बजट से इसका निर्माण कराया जाएगा। एसआरएन आने वाले एंबुलेंस नहीं फंसेंगे जाम में कुंभ के दौरान अधिक ठंड की वजह



से कई श्रद्धालु गंभीर रूप से बीमार पड़ जाते हैं। इसके अलावा प्रमुख स्नान पर्वों पर हादसे की भी आशंका बनी रहती है। ऐसे मरीजों तथा घायलों को स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया जाता है लेकिन जाम की वजह से अस्पताल पहुंचने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पैदल श्रद्धालुओं के लिए अलग पथ होने से अस्पताल तक मरीजों को पहुंचाने में आसानी होगी। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वहां चौराहा के साथ जेब्रा भी बनाया जाएगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

श्रद्धा ज्ञान देती है, नम्रता मान देती है, योग्यता स्थान देती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विधायकों के विद्रोह से आलाकमान को लगा भारी धक्का

अब सवाल यह है कि सोनिया गांधी इस मसले को कैसे सुलझाएंगी और इस किस्से के बाद पार्टी अध्यक्ष कौन बनेगा। सोनिया गांधी से बैठक के बाद अशोक गहलोत ने अध्यक्ष का चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी।

अभी हाल में राजस्थान कांग्रेस में जो कुछ भी हुआ, वह बिल्कुल ही अप्रत्याशित था, क्योंकि अशोक गहलोत गांधी परिवार के सबसे विश्वसनीय नेताओं में माने जाते थे। इसलिए सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष का अपना पद, जो बीस साल से उनके पास है, उन्हें सौंपने के लिए तैयार हो गई थीं। माना जाता था कि अशोक गहलोत गांधी परिवार के प्रति काफी वफादार हैं, जो कभी धोखा नहीं देंगे और उनके खिलाफ नहीं जाएंगे।

लेकिन जो राजस्थान में हुआ, उससे कांग्रेस आलाकमान को भारी धक्का लगा है, क्योंकि ऐसा दिख रहा है कि आलाकमान के सबसे विश्वसनीय नेता का हाथ बगावत के पीछे था। हालांकि अब अशोक गहलोत सफाई दे रहे हैं कि उन्हें मालूम नहीं था कि विधायक इस तरह से विद्रोह करेंगे, लेकिन कोई भी उनकी बात नहीं मान रहा है। दूसरी बात यह है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने निर्देश दिया कि दिल्ली से भेजे गए दो पर्यवेक्षकों की निगरानी में कांग्रेस विधायकों की बैठक हो।

इसके पीछे विचार था कि दोनों पर्यवेक्षक एक–एक कर सभी विधायकों से बात करेंगे और एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित कराएंगे कि सब कुछ कांग्रेस अध्यक्ष के हाथों में सौप दिया जाए। विचार था कि अशोक गहलोत को दिल्ली बुलाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाए और सचिन पायलट को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाया जाए। यह वादा राहुल गांधी ने सचिन पायलट से 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले ही किया था।

फिर दिल्ली की जिंदगी और घर–बार छोड़कर सचिन पायलट वहीं जम गए। उन वर्षों में उन्होंने पूरे प्रदेश में भ्रमण किया था और गांव–गांव तक घूमे थे। खैर, पार्टी जीत गई और गहलोत को मुख्यमंत्री बना दिया गया। तब भी पायलट ने विद्रोह नहीं किया, क्योंकि उन्हें भरोसा दिया गया कि आपको आगे मुख्यमंत्री बनाएंगे। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, तो उन्होंने 2020 में गहलोत की सरकार गिराने की कोशिश की, जो नाकाम हुई, पर वह गहलोत के खिलाफ विद्रोह था।

संभवतः पार्टी आलाकमान का विचार था कि अगर चेहरा बदल दिया गया, तो सत्ता विरोधी रुझान कम हो जाएगा। सोनिया की यह पहल पार्टी के दोनों हाथ में लड्डू वाली रणनीति का हिस्सा थी। उनका विचार था कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने पर जनता के सामने एक युवा और नया चेहरा होगा, जिससे राज्य में पार्टी की स्थिति मजबूत हो सकती है।

और अशोक गहलोत चूंकि पुराने और मंजे हुए अनुभवी नेता हैं, जो कांग्रेस की कार्यप्रणाली और पूरे तंत्र को जानते हैं, देश को जानते और गांधी परिवार के प्रति बहुत वफादार रहे हैं, इसलिए उन्हें पार्टी अध्यक्ष पद सौंपने का फैसला किया गया था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं, क्योंकि अशोक गहलोत राजस्थान नहीं छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश के बावजूद पर्यवेक्षकों के साथ विधायकों की बैठक नहीं हुई।

पर्यवेक्षक मुख्यमंत्री के आवास पर घंटों इंतजार करते रहे और विधायक राष्ट्रीय नेतत्व को चुनौती देने लगे। हालांकि अब गहलोत रक्षात्मक हो गए हैं। लेकिन कांग्रेस में इंदिरा गांधी या राजीव गांधी के जमाने में पहले ऐसा नहीं होता था कि केंद्र से पर्यवेक्षक जाए और उसे बैरंग लौटना पड़े। मुझे याद है, जीके मूपनार जब किसी राज्य में पर्यवेक्षक बनकर जाते थे, तो मुख्यमंत्री थर–थर कांपते थे।

पर्यवेक्षक यदि किसी मुख्यमंत्री को कहता था कि आपको इस्तीफा देना है, तो वह इस्तीफा देते थे। यदि कहा जाता कि एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित करके आलाकमान पर फैसला छोड़ दीजिए, तो वैसा ही होता था। लेकिन राजस्थान में जिस तरह से सीधे–सीधे अपने ही लोगों द्वारा आलाकमान को चुनौती दी गई, यह दिखाती है कि कांग्रेस नेतृत्व कितना कमजोर हो गया है।

अब सवाल यह है कि सोनिया गांधी इस मसले को कैसे सुलझाएंगी और इस किस्से के बाद पार्टी अध्यक्ष कौन बनेगा। सोनिया गांधी से बैठक के बाद अशोक गहलोत ने अध्यक्ष का चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी और मुख्यमंत्री पद का फैसला सोनिया गांधी के ऊपर छोड़कर उन्होंने आलाकमान पर दबाव बना दिया है। जाहिर है, पार्टी नेतृत्व कमजोर हुआ है और इसकी मुख्य वजह है कि गांधी परिवार आज चुनाव नहीं जितवा पा रहा है।

लोग पार्टी छोड़कर जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि पार्टी का कोई भविष्य नहीं है और उनका भी भविष्य कांग्रेस पार्टी में नहीं है। असल में गांधी परिवार के साथ आज अच्छे मैनेजर नहीं हैं, अगर अच्छे मैनेजर होते, तो जो राजस्थान में हुआ, वैसा होता ही नहीं। यहीं अहमद पटेल की कमी खलती है। वह भांप लेते कि राजस्थान में अंदरखाने कौन–सी खिचड़ी पक रही है।

अब जबकि अध्यक्ष पद के लिए दिग्विजय सिंह ने भी अपना दावा पेश कर दिया है, तो देखना होगा कि पार्टी आलाकमान किसे आधिकारिक उम्मीदवार बनाती है। ऐसे में मैदान में दो ही चेहरे रहेंगे–शशि थरूर और दिग्विजय सिंह। दिग्विजय सिंह का पलड़ा भारी नजर आता है, क्योंकि वह अच्छे रणनीतिकार और राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं, पर उनके खिलाफ एक ही बात जाती है कि जब वह अध्यक्ष बनेंगे, तो भाजपा को उनके खिलाफ हिंदू ध्रुवीकरण करने का मौका मिल जाएगा और वह उनके पुराने बयानों को जोर–शोर से उछालेगी।

वैसे दिग्विजय सिंह के हिंदू साधु–संतों और कॉरपोरेट जगत से भी पुराने संबंध रहे हैं और वह दस साल तक मध्य प्रदेश में भाजपा को पछाड़कर मुख्यमंत्री रहे थे। आज के समय में कांग्रेस को जैसा अध्यक्ष चाहिए, उसमें वह फिट बैठते हैं। यह देखना होगा कि गांधी परिवार दिग्विजय सिंह को समर्थन देता है या किसी और को अध्यक्ष बनाता है। यदि दिग्विजय सिंह अध्यक्ष बनते हैं, तो वह रबड़ स्टांप नहीं होंगे, जैसा कि दूसरों के बारे में कहा जा सकता है। बहरहाल, अभी कांग्रेस में बहुत पेच है, जो कांग्रेस के संकट को दर्शाता है। अध्यक्ष पद के लिए पर्चा भरने में कुछ ही घंटे बचे हैं और अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है, यह भी आलाकमान के कमजोर होने का ही संकेत है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# बदमाशों ने पशु सवार पिकअप चालक से किया लूट : पुलिस तलाश में जुटी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी थाना क्षेत्र के सियर गांव के निकट गैस एजेंसी के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने कालेसर की ओर जा रहे पशु सवार पिकअप को रोककर मारपीट किया। मारपीट के बाद पिकअप चालक से नगद व मोबाइल लूट कर फरार हो गए।सूचना पर पहुंचे सीओ अनिल कुमार सिंह व इंस्पेक्टर इकरार अहमद मामले की जांच कर लुटेरों की तलाश कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर गांव निवासी अमरनाथ यादव पशुओं का व्यापार करते हैं। पिकअप चालक सुनील पुत्र राम सकल के साथ एक युवक दो गायों को खरीदकर पिकअप से कालेसर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में सियर गांव के निकट गैस एजेंसी के पास बदमाशों ने पशु सवार पिकअप चालक को रोक लिया। जैसे ही चालक गाड़ी से उतरा वैसे बदमाशों ने मारपीट करना शुरू कर दिया।मारपीट के बाद कुछ नगदी व मोबाइल बदमाश लूट कर फरार हो गया। चालक के पैर में चोटे आई हैं। जिसको पुलिस ने पीएससी पिपरौली में भर्ती कराया है। जहा चालक का उपचार हो रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक इकरार अहमद मामले को बताने से इंकार कर रहे है।मौके पर घटनास्थल सीओ अनिल कुमार सिंह व इंस्पेक्टर इकरार अहमद मामले की जांच पड़ताल करते हुए। सूत्रों के मुताबिक रात्रि में पशु तस्कर एक दर्जन गाय खरीदने की फिराक में थे। जिसमें रामपुर मलौली से एक गाय व भीटी खोरिया से एक गाय खरीद कर आगे की तरफ बढ़ रहे थे। बदमाशों को सूचना मिली थी पूरी खरीदारी अभी बाकी है इसलिए गाड़ी में रुपया होने की पुष्टि से लूट की घटना को अंजाम दिया है।आसपास के लोगों द्वारा 1 लाख रुपया लूटे जाने की सूचना मिल रही है। ब्लाक प्रमुख की फॉर्च्यूनर गाड़ी थाने में मामले के मैनेज करने में जुटी है। पुलिस अधिकारी कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं।

# बुजुर्ग पर बेटों का अत्याचार: बेटी ने भी किया इनकार : हारकर बोले– चार दिन की जिंदगी वृद्धाश्रम में काटूंगा

लखनऊ ब्यूरो : तीन दिन से बुजुर्ग पिता को घर भेजने के लिए दो बेटों की काउंसिलिंग चल रही थी, लेकिन सारी कोशिशें बेकार हो गईं। बेटों की हरकतों से आजिज आ चुके बुजुर्ग ने साथ जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद बाजारखाला पुलिस ने बुजुर्ग रामेश्वर प्रसाद की तहरीर पर दोनों बेटों विजय व बृजेश के खिलाफ मारने–पीटने व प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाने पहुंचे रामेश्वर प्रसाद के सामने जब उनके बेटे पहुंचे तो उन्होंने उनकी तरफ देखने तक से इन्कार कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि वृद्धाश्रम में सिर पर छत और इज्जत की दो रोटी तो मिलेगी। चार दिन की जिंदगी यहीं पर काट लूंगा, पर इनके साथ नहीं जाऊंगा। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को वन स्टॉप सेंटर की टीम ने 85 वर्षीय बुजुर्ग को सरोजनीनगर के वृद्धाश्रम में पहुंचाया था। बुजुर्ग का आरोप था कि उनके दोनों बेटों ने उन्हें प्रताड़ित किया। बड़े बेटे ने मारा–पीटा और घर से अपमानित करके निकाल दिया था। बीमारी की हालत में हाथ में यूरिन बैग पकड़े बुजुर्ग सड़क पर पड़े थे। वन स्टॉप सेंटर की टीम की मदद से उन्होंने केस दर्ज करवाया है। प्रभारी निरीक्षक बाजारखाला विनोद कुमार यादव के मुताबिक, जांच की जा रही है। हाथ में यूरिन बैग पकड़े बेटी के घर पहुंचे तो उसने कहा– बेटे हैं तो उनके पास जाओ अकसर कहा जाता है कि जिसकी औलादें हों, उसे बुढ़ापे की क्या चिंता, लेकिन 85 साल के रामेश्वर प्रसाद के मामले में ऐसा नहीं है। दो कमाऊ बेटे और चार बेटियां होते हुए वे दर–दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हैं। बेटों ने उन्हें घर से निकाल दिया तो बेटी ने साफ कह दिया– बेटे हैं तो उनके पास जाओ, हम नहीं रख सकते। हाथ में यूरिन बैग, थैला लिए सड़क पर पड़े रामेश्वर प्रसाद को वहां से गुजर रहीं प्रियंका सिंह की सूचना पर 181 वन स्टॉप सेंटर की टीम ने पिछले सोमवार को सरोजनीनगर स्थित एसएस वृद्धाश्रम में आश्रय दिलवाया। सेंटर में काउंसिलिंग के दौरान रामेश्वर प्रसाद ने एक पत्र लिखकर दर्द बया किया। बताया कि पुराना टिकैतगंज में घर है। खड़े मसाले का काम था, जो उनकी उम्र बढ़ने के साथ बंद



हो गया। चार बेटियां हैं, जिनकी शादी हो गई है। बेटे ड्राइवर हैं, जिन्होंने घर से निकाल दिया। तबीयत बिगड़ने पर बलरामपुर अस्पताल में जाकर भर्ती हो गए, वहां से शनिवार को डिस्चार्ज किया गया तो बेटी के घर गए, लेकिन उसने भी पनाह नहीं दी। भीगी आंखों से बताया कि कमाई बंद हुई तो मैं बोझ बन गया, बड़ा लड़का तो दो बार मार भी चुका है। उन्होंने निवेदन किया कि अब काम भी नहीं कर सकता, खाने और दवा की दिक्कत हो रही है। किसी वृद्धाश्रम में जगह दिलवा दीजिए। 181 वन स्टॉप सेंटर प्रभारी अर्चना सिंह ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने तुरंत बुजुर्ग को आश्रय दिलवाया। डीपीओ विकास सिंह के निर्देश पर सीनियर सिटीजन एक्ट के तहत बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। छह महीने में 350 शिकायतें बुजुर्गों की वरिष्ठ नागरिकों के लिए काम करने वाली संस्था गाइड समाज कल्याण संस्थान की संस्थापक डॉ. इंदु सुभाष बताती हैं कि बीते छह महीने में 350 शिकायतें पूरे प्रदेश से हेल्पलाइन पर दर्ज हुई हैं। इनमें बेटे–बहू के हिंसा करने, खाना न देने या फिर संपत्ति हड़प लेने की हैं। स्थिति का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि सरोजनीनगर में समाज कल्याण के वृद्धाश्रम में 100 से अधिक बुजुर्ग हर वक्त रहते हैं। सीनियर सिटीजन एक्ट को जानें डॉ. इंदु सुभाष कहती हैं कि पहले सीनियर सिटीजन एक्ट के तहत पिता–माता को प्रताड़ित करने पर बेटा–बेटी कानून के दायरे आते थे। 2019 में इसमें संशोधन करते हुए सौतेले बच्चों, दत्तक बच्चों, पुत्रवधू आदि को भी इसके दायरे में लाया गया है। इसमें 10 हजार रुपये प्रतिमाह या इससे ज्यादा का भी भुगतान करने का निर्देश न्यायाधिकरण बच्चों को दे सकता है। तीन से छह महीने का कारावास या 10 हजार रुपये तक जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है। संशोधन विधेयक के मुताबिक सास–ससुर व दादा–दादी को भी प्रताड़ित करने पर यह दंड दिए जाने का प्रावधान है।

# जनपद की 25 संस्थाओं ने 1,520 क्षय रोगियों को लिया गोद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 1,520 क्षयरोगियों को 25 संस्थाओं, दो विभागों तथा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने गोद लिया है। इसमें दो विभाग (खंड विकास अधिकारी तथा अर्थ एवं संख्या अधिकारी) तथा एक भाजपा है। वहीं ब्लाक पर 942 तथा संस्थाओं ने 562 क्षयरोगियों को गोद लिया जबकि बीजेपी ने 16 लोगों को गोद लिया है। भाजपा की तरफ से राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने कोमल गिरी, सांसद सीमा द्विवेदी ने राकेश यादव, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशू ने सबा बानो, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने शकुन्तला गौतम को पोषण किट देकर गोद लिया। लायंस क्लब की विभिन्न शाखाओं, रेडक्रास सोसायटी, आकांक्षा समिति, जेसीआई, सरजू प्रसाद शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था सहित कुल 22 संस्थाओं को मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया के साथ–साथ उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया। ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति को क्षयरोगियों के इलाज में योगदान देने के लिए प्रशंसा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने लोगों क्षयरोग के प्रति आगाह किया। उन्होंने साफ–सफाई और धुएं से बचाव पर जोर दिया। साथ ही अपने साथ हुए एक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि हर लक्षण वाला व्यक्ति जांच में क्षयरोगी निकले ऐसा नहीं है। इसलिए ही सारी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इलाज शुरू होता है। उन्होंने सुजानगंज के सर्वेमऊ गांव में एक क्षयरोग प्रभावित परिवार में क्षयरोग विभाग टीम भेजकर जांच और



इलाज में विशेष सहूलियत देने की मांग की। उन्होंने गोद लेने की प्रक्रिया की प्रशंसा की। भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2025 तक क्षयमुक्त बनाने का अभियान शुरू किया है। अभियान में सहयोग देने के लिए ही भाजपा कार्यकर्ता क्षयरोगियों को गोद ले रहे हैं। आगे जो भी क्षयरोगी चिह्नित होंगे, भाजपा उनके स्वस्थ होने में अधिक से अधिक लोगों को गोद लेने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि भारत सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं है। यह एक स्वयंसेवी संस्था की तरह भी काम करती है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह, जिला क्षयरोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ राकेश कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ राजीव कुमार, भाजपा के दो महामंत्री पियूष गुप्ता और सुशील मिश्रा, सीनियर ट्रीटमेंट लैब सुपरवाइजर (एसटीएलएस) राजीव श्रीवास्तव, संजीव सिंह (एसटीएस) सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। क्षयमुक्त भारत अभियान के बारे में प्रभारी जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुशील अग्रहरि ने जानकारी दी। उन्होंने ही कार्यक्रम का संचालन किया।

# 01 अक्टूबर से धान खरीद के लिए धान क्रय केंद्र स्थल तय

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार चौधरी : 01 अक्टूबर से जनपद में धान खरीद के लिए क्रय केंद्र खोलने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धान खरीद करने के लिए 91 क्रय केंद्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। प्राप्त विवरण एवं डिप्टी आर एम ओ अनुराग पांडेय के अनुसार खाद्य विभाग के 31, पीसीएफ के 26, पीसीयू के 19, मंडी समिति और यूपीएसएस के छह–छह, नेफेड का एक और एफसीआई के तीन केंद्र पिछले वर्ष खोले गए थे। जिनके माध्यम से 22,9,903 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी। इस साल भी 91 केंद्र तय किए गए है। इस साल शासन की ओर से धान का समर्थन मूल्य सामान्य ग्रेड के लिए 2040 व ए ग्रेड के लिए 2060 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। धान बेंचने के लिए किसान अपना पंजीकरण जन सुविधा केंद्र, स्वयं से खाद्य विभाग के पोर्टल पर कर सकता है। एजेंसी व धान खरीद केंद्र विपणन शाखा ने शहर स्थित मंडी में पांच, शाहाबाद व पिहानी गल्ला मंडी परिसर में तीन–तीन केंद्र प्रस्तावित हैं। इसके अलावा मिरगावां, सांडी मंडी, बिलग्राम में सेंटर होंगे। संडीला व माधौगंज मंडी में दो–दो सेंटर रखे हैं। पीसीएफ के सेंटर, सांडी, पिहानी, माधौगंज मंडी में खुलेंगे। पीसीएफ के दो केंद्र सदर मंडी में खोले जाएंगे। इसके अलावा फतियापुर, भदैचा, शुक्लापुर, मिश्राना, बसेलिया, आमतारा, बरान, न्यौली सरैया, राघौपुर, पिलखना, बडागांव, बेरूआ में एक–एक केंद्र और सांडी मंडी में दो केंद्र खुलेंगे। पीसीयू के मंडी सदर के अलावा, मानपुर, दौली, जिगनिया कलां, सढ़ियापुर, रेभामुरादपुर, अतर्जी, शाहाबाद मंडी, हरईया, हड़हा मलिकापुर, मुंडरामऊ, सांडी मंडी व मुंशीगंज सांडी में सेंटर खोले जाएंगे।फिलहाल जिले में 91 क्रय केंद्र प्रस्तावित हैं। शासन के आदेशानुसार सभी केंद्रों के लिए 30 सितंबर तक बैनर लगाने व प्रचार प्रसार का कार्य पूरा किया जा रहा है। एक अक्तूबर से केंद्र खोल दिए जाएंगे। धान की आवक 15 अक्तूबर के बाद होने की उम्मीद है।

# लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स फेडरेशन ने विभिन्न मांगों को लेकर किया विरोध–प्रदर्शन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार चौधरी : एलआईसी कार्यालयों के बाहर लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से जुड़े समस्त एल आई सी अभिकर्ताओं ने विभिन्न मांग को लेकर धरना–प्रदर्शन किया गया।जिसकी वजह से बीमा कार्यालयों का संपूर्ण कार्य ठप हो गया। लियाफी के अध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि पॉलिसी धारकों का बोनस बढ़ाएं। ऋण और अन्य लेन–देन रिवाइवल आदि पर ब्याज दर कम करें। आंतरिक और बाहरी ग्राहकों के लिए कुशल सेवाएं, दस्तावेजों को जमा करने पर पावती प्रदान करें और पांच साल से अधिक समय बीत चुके कालातीत पॉलिसियों का पुनर्चलन अभियान चलाया जाना चाहिए। पॉलिसी धारकों की दावा की गई राशि को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल नहीं करना चाहिए। नागरिक चार्टर को प्रमुखता से प्रदर्शित करना चाहिए। पॉलिसी धारकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए एक रेटिंग प्रणाली शुरू करनी चाहिए। समान ग्राहकों के हर लेन–देन के लिए केवाईसी मानदंडों की मांग करना बंद करें। भारत सरकार को बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी हटाना चाहिए और



अभिकर्ताओं की 20 लाख तक ग्रेच्युटी बढ़ाएं और टर्म इंश्योरेंस बढ़ाएं। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अजय दीक्षित,महामंत्री रमाकांत मौर्य,दिनेश कुमार मिश्र अरुण वर्मा ,राजकुमार राजेश बलवीर ,संजय शुक्ला अखिलेश त्रिपाठी कुलदीप त्रिपाठी, श्याम प्रकाश , रामौतार रजनीश, अर्जित मिश्र, अलीशेर आदि अभिकर्ता गण उपस्थित रहे।

# लखनऊ से आयी निरीक्षण टीम ने की डॉ विभाष राजपूत के प्रबन्धन की सराहना

बागपत पत्रकार विवेक जैन। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागपत में लखनऊ से आयी स्वास्थ्य विभाग की तीन सदस्य टीम ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। लखनऊ स्वास्थ्य विभाग की टीम के डॉ संदीप गुप्ता, डॉ सोनिया गर्ग, डॉ ईशा कोर ने मदर न्यू बार्न केयर यूनिट सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागपत पर संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की गहनता से की जॉच की। स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा स्टॉफ और अन्य कर्मचारियों की दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया जिसमें टीम द्वारा स्टॉफ के मकानों का स्तर, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को जॉचा–परखा गया। पूरे दिन चले निरीक्षण में टीम को सीएचसी बागपत पर सब कुछ दुरूस्त मिला। टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सों, स्टॉफ और मरीजों से वार्ता कर सीएचसी बागपत का फीड़बैक लिया। बेहतर प्रबन्धन और कार्यशैली के लिए लखनऊ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीएचसी बागपत के चिकित्सा अधीक्षक



डॉ विभाष राजपूत की सराहना की। टीम ने डयूटी को पूरी निष्ठा और लगन के साथ करने के लिए सीएचसी बागपत के चिकित्सकों और स्टॉफ की प्रशसा की। लखनऊ टीम के समक्ष चिकित्सा अधीक्षक डॉ विभाष राजपूत ने भी सीएचसी बागपत के डाक्टरों, फार्मेसिस्ट, एएनएम, लिपिकों सहित समस्त स्टॉफ के कार्यो और व्यवहार की जमकर सराहना की।

# इलाहाबाद विवि के प्रो. रामसेवक दुबे बने संस्कृत विश्वविद्यालय राजस्थान के नए कुलपति

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद विश्वविद्यालय में संस्कृत के विभागाध्यक्ष प्रो. रामसेवक दुबे को जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर का कुलपति नियुक्त किया गया है। राजस्थान के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कलराज मिश्र ने बृहस्पतिवार को उनकी नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिया। प्रो. दुबे की कुलपति पद नियुक्ति तीन वर्ष के कार्यकाल या 70 वर्ष की आयु पूरी करने (दोनों में जो पहले हो) तक की गई है। प्रो. दुबे वर्तमान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (ऑटा) के अध्यक्ष भी हैं। साथ ही अखिल भारतीय केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षक महासंघ के उपाध्यक्ष हैं। स्नातक, परास्नातक और डीफिल की उपाधियां क्रमशः 1978, 19802 एवं 1985 में इसी विश्वविद्यालय से प्राप्त की। अद्वैत वेदांत एवं वेदांत के क्षेत्र में प्राप्त है विशेषज्ञता उन्हें अद्वैत वेदांत एवं वेदांत के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त है। प्रो. दुबे की नियुक्ति वर्ष 1996 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में हुई थी। वर्ष 2003 में वह एसोसिएट प्रोफेसर बने और वर्ष 2009 से संस्कृत विभाग में आचार्य पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अब तक कुल 63 अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सेमिनार और कार्यशालाओं में सहभागिता की है। उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और एक अन्य प्रकाशित होने वाली है। प्रो. दुबे ने इविवि में अनेक प्रशासनिक पदों का दायित्व



भी संभाला है। वह चीफ प्रॉक्टर, असिस्टेंट प्रॉक्टर, प्राचार्य केपी यूनिवर्सिटी कॉलेज, वार्डेन केपीयूसी हॉस्टल, अधीक्षक जीएन झा हॉस्टल, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी जैसे पदों पर रह चुके हैं। प्रो. दुबे ने कहा कि संस्कृत के प्रचार–प्रसार और संस्कृत भाषा की उन्नति के लिए इमानदारी से पूरा प्रयत्न करेंगे। आज रिलीव हो सकते हैं प्रो. दुबे कुलपति पद की नई जिम्मेदारी संभालने के लिए प्रो. राम सेवक दुबे को इविवि से शुक्रवार को रिलीव किया जा सकता है। प्रो. दुबे का कहना है कि अगर शुक्रवार को रिलीव हो जाते हैं तो अगले तीन–चार दिनों में राजस्थान में ज्वाइन कर लेंगे।

## गोवध व पशुक्रूरता से सम्बन्धित 64 अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद में घटित अपराधों के अनावरण,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पूर्व में पेशेवर अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी हेतु उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिससे इन अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके, आज पुनः गोवध व पशुक्रूरता के सम्बन्धित जनपद जौनपुर के थाना खेतासराय, बक्सा, केराकत, महराजगंज, शाहगंज, सरपतहां, सरायख्वाजा, चंदवक व जलालपुर के 64 शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। जिनका विवरण निम्नवत है– 1.मोहम्मद आजम पुत्र मोहम्मद शोएब निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 2.दिलशेर पुत्र निसार निवासी वार्ड नंबर 13 भटियारी थाना खेतासराय जौनपुर। 3.दानिश कुरेशी पुत्र अब्दुल अजीज निवासी चौहट्टा थाना खेतासराय जौनपुर। 4.रिजवान उर्फ लुल्ले पुत्र झिंकु निवासी वार्ड नंबर–6 चौहट्टा थाना खेतासराय जौनपुर। 5.मकसूद पुत्र मंजूर उर्फ मुल्ला निवासी वार्ड नंबर 10 कोहरौटी थाना खेतासराय जौनपुर। 6.महफूज पुत्र मेंजूर उर्फ मुल्ला निवासी वार्ड नंबर 10 कोहरौटी थाना खेतासराय जौनपुर 7.अफसर बहादर पुत्र हसन अली निवासी वार्ड नंबर 8 चौहट्टा थाना खेतासराय जौनपुर। 8.असलम पुत्र स्वर्गीय हबीब निवासी लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर। 9. सोहराब पुत्र अब्दुल बहाव पता वार्ड नंबर 8 चौहट्टा कस्बा खेतासराय जौनपुर। 10.दानियाल पुत्र सौहराब पता वार्ड नंबर 8 चौहट्टा कस्बा खेतासराय जौनपुर। 11.मोहम्मद नदीम पुत्र एजाज अहमद निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 12.हलीम उर्फ औवा पुत्र एजाज अहमद निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 13.मोहम्मद आजम पुत्र मोहम्मद शोएब निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 14. हलीम पुत्र अब्दुल सलीम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 15.आजाद पुत्र स्वर्गीय मुस्लिम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 16.मुनव्वर पुत्र मनसूर निवासी बरंगी थाना खेतासराय जौनपुर। 17.वजीर पुत्र परवेज निवासी बरंगी थाना खेतासराय जौनपुर। 18.दिलशाद पुत्र मुस्लिम निवासी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 19.कलीम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 20.हलीम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 21. नदीम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 22.ताजिम पुत्र नसीम अहमद निवासी रानीपुर थाना खेतासराय जौनपुर। 23.अली राजा पुत्र स्वर्गीय नजरुद्दीन निवासी लेदहरी थाना खेतासराय जौनपुर।24.कयामुद्दीन पुत्र अली राजा निवासी लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर। 25.रईस कंगाली पुत्र शिवाली निवासी लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर। 26.सगीर पुत्र फिरोज निवासी लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर। 27.फिरोज पुत्र शिवली निवासी लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर। 28.गुड्डू पुत्र अली राजा निवासी लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर। 29.चुन्नू अहमद पुत्र स्वर्गीय नगीना निवासी नदौली थाना खेतासराय जौनपुर। 30. नसरुद्दीन पुत्र स्वर्गीय नगीना निवासी नदौली थाना खेतासराय जौनपुर। 31.मुस्तकीम पुत्र मोहम्मद रजा निवासी नदौली थाना खेतासराय जौनपुर। 32.अबरार पुत्र नजीन निवासी नदौली थाना खेतासराय जौनपुर। 33.अब्दुल सलाम पुत्र स्वर्गीय मुस्लिम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 34.पप्पू उर्फ अनवर पुत्र मुफीज निवासी दक्षिणपट्टी रन्नो थाना बक्शा जौनपुर। 35.सोनू पुत्र मुफीद निवासी दक्षिणपट्टी रनों थाना बक्शा जौनपुर। 36.सलीम उर्फ पप्पू पुत्र वकील निवासी दक्षिणपट्टी रन्नो थाना बक्शा जौनपुर। 37.सरवर पुत्र युसूफ निवासी मोहम्मदपुर थाना बक्सा जौनपुर। 38.समसी पुत्र नसीर निवासी मुर्की थाना केराकत जौनपुर। 39.जमाल पुत्र झुन्नू उर्फ अजीमुद्दीन निवासी मूर्की थाना केराकत जौनपुर। 40.रहीम उर्फ अब्दुल पुत्र मुनीर अहमद निवासी मूर्की थाना केराकत जौनपुर। 41.बाबर पुत्र धुन्नू उर्फ शहजमा निवासी मुर्की थाना केराकत जौनपुर। 42.फैजू उर्फ फैज आलम पुत्र इस्तियाक निवासी मुर्की थाना केराकत जौनपुर। 43. जिसान पुत्र फैजान निवासी मुर्कि थाना केराकत जौनपुर। 44.कलीम उर्फ डेहरी पुत्र स्वर्गीय रफीक निवासी डेहरी थाना केराकत जौनपुर। 45.पिंटू मंसूरी पुत्र नसीम निवासी डेहरी थाना केराकत जौनपुर। 46.नमनम पुत्र जुबेर निवासी लमहन थाना महाराजगंज जौनपुर। 47.जुबेर पुत्र स्वर्गीय मुनीजर निवासी लमहन थाना महाराजगंज जौनपुर। 48.गुलशेर पुत्र स्वर्गीय मैनुद्दीन निवासी लमहन थाना महराजगंज जौनपुर। 49.सुखई पुत्र बिस्मिल्लाह निवासी लमहन थाना महाराजगंज जौनपुर। 50. फैजान पुत्र रियाजुद्दीन निवासी अफसरपुर उसरहट्टा थाना शाहगंज जौनपुर। 51.मोहम्मद हसन उर्फ हिटलर पुत्र अली अतहर शाह निवासी बड़ागांव थाना शाहगंज जौनपुर। 52.पंकज यादव पुत्र रुदल यादव निवासी निवासी बडौना थाना सरपतहां जौनपुर। 53.मिथिलेश गुप्ता पुत्र बजरंगी निवासी रुधौली थाना सरपतहां जौनपुर। 54.कृष्णा लोना पुत्र कमला लोना निवासी चेतरहा थाना सरपतहां जौनपुर। 55.एहतेशाम पुत्र परवेज आलम निवासी गिरधरपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 56. अबूसाद पुत्र मोबीन निवासी गिरधरपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 57.मिंकु रईस पुत्र गफूर निवासी गिरधरपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 58.बल्लू पुत्र बालकिशुन निवासी बहीरी थाना चंदवक जौनपुर। 59.ओमप्रकाश पुत्र चमेला निवासी रेहरी थाना चंदवक जौनपुर। 60.सूरज सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी मोजरा थाना जलालपुर जौनपुर। 61. रामसुंदर राजभर पुत्र नंद राजभर निवासी मोजरा थाना जलालपुर जौनपुर। 62.अमरनाथ उर्फ क्षमानाथ निवासी रेहटी थाना जलालपुर जौनपुर। 63.डब्लू नट पुत्र कांता नट निवासी तराव थाना चंदवक जौनपुर। 64.भोनू नट पुत्र प्रसाद नट निवासी तराव थाना चंदवक जौनपुर। नोट– जिनकी एक बार हिस्ट्रीशीट खुल जाती है वह आजीवन रहती है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी को अपने अपने थाना क्षेत्र के शातिर अपराधियों के अपराध का विश्लेषण कर उनके कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु निर्देशित किया गया है।

## सीएससी पर स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं का अभाव : अस्पताल परिसर में लंबित ट्रामा सेंटर की जल्द हो स्थापना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर इलाज हेतु संसाधन संबंधित सुविधाओं का अभाव है। यहां पर स्वास्थ्य संबंधित आधुनिक उपकरणों के अभाव में मरीजों को तरह तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है। मरीजों को बेहतर इलाज कराने हेतु दूरदराज जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दे रहे है। महिला रोगियों को इलाज में ढ़ेर सारी फजीहत उठानी पड़ रही है प्रसव से पीड़ित व अन्य रोगों से ग्रसित महिलाओं को अपने रोग को बताने के लिए पुरुष डाक्टरों के सामने बेपर्दा होना पड़ रहा है। मुंगराबादशाहपुर नगर में स्थित नईबाजार में एक महिला अस्पताल एक लम्बे अर्से से किराए के मकान में चल रहा था। जहां पर महिला डॉक्टर को दिखाने के लिए महिलाओं की काफी भीड़ दिखाई पड़ता था। फिर राजनीति की गंदी सोच व प्रशासन की उदासीनता के कारण उसे अकारण सतहरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समायोजित करा दिया गया है। वहां पर एक डेंटल महिला डॉक्टर तैनाती कर केवल कोरम पूरा किया जा रहा है। हाइवे पर तेज रफ्तार में वाहनों के चलने के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गया है। जिसका यहां पर संसाधन की कमी के कारण इलाज संभव नहीं है। यहां पर ट्रामा सेंटर खोलने के लिए बहुत दिनों से प्रयास हो रहा है द। विभाग से भी इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। किंतु आज तक वह मूर्त्तरूप नहीं ले सका है। यहां पर इसके खुल जाने से मुंगराबादशाहपुर, सुजान गंज, नीभापुर, पंवारा, खाखोपुर आदि पंद्रह बीस किलोमीटर दूर तक रोगियों को साधारण से लेकर असाध्य रोगों के इलाज के लिए दूर दराज भटकना नही पड़ेगा। उधर मुंगराबादशाहपुर पीएचसी पर भी स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं का टोटा है।एक्सरे मशीन व जांच संबंधित आधुनिक उपकरणों का अभाव है। महिला डॉक्टर भी नही है। दोनों अस्पताल सिर्फ रेफर वाला अस्पताल होकर सिमट गया है। यह कमी जनप्रतिनिधियों को सर्मसार कर दे रहा है। जनप्रतिनिधियों का प्रयास भी बेअसर मुंगराबादशाहपुर विधानसभा के विधायक पंकज पटेल ने बताया कि जनता की समस्याओं को मद्देनजर औद्योगिक क्षेत्र में ट्रामा सेंटर खोलने के लिए संबंधित स्वास्थ्य मंत्री को मैंने पत्र लिखकर भेजा है। इस सुविधा के अभाव में रोगियों के सम्मुख उत्पन्न परेशानियों को भी अवगत कराया हूं। तत्कालीन मुंगरा विधायक सुषमा पटेल ने भी यहां पर पचास बेड वाला ट्रामा सेंटर खोलवाने के लिए विधानसभा में भी इस मांग को उठाया था। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सीडा के अध्यक्ष बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में गुलाब चंद्र पाण्डेय, शत्रुघ्न मौर्या आदि उद्यमी नेताओं ने यहां पर ट्रामा सेंटर खोलने के लिए सांसद श्याम सिंह यादव से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा था। फिर भी समस्या जस का तस बना हुआ है। सड़क दुर्घटना व अन्य गंभीर रोगियों को इलाज हेतु पचास किलोमीटर दूर प्रयागराज व जौनपुर अथवा एक सौ दस किलोमीटर वाराणसी जाना पड़ता है। जिसमें अस्पताल पहुंचने के पहले ही रोगी की मृत्यु हो जाती है। यहां पर ट्रामा सेंटर खुल जाने से बहुत सी जिंदगियों को बचाया जा सकता है। सुनील यादव, उद्यमी सतहरिया यहां पर एक्सरे व जांच वगैरह हेतु कोई उपकरण नही है। जिससे रोगियों को जांच रिपोर्ट हेतु बाहर निजी पैथोलॉजी में जाना पड़ता है। जहां पर धन उगाही का शिकार होना पड़ता है। परवेज लम्बू,सपा नेता मुंगराबादशाहपुर महिलाओं के इलाज के लिए महिला अस्पताल खुलना तो दर किनार रहा। यहां पर महिला डॉक्टर भी नही है। जो महिलाएं अपने रोग को अपने पति से बताने में संकोच करती है वहीं विवशता बश पुरुष डॉक्टर के सामने रोग को खुलासा करना पड़ रहा है। दीपिका श्रीवास्तव, समाज सेविका सतहरिया विलंब में इलाज शुरू होने के कारण बचाई जाने वाली जिंदगी भी मौत के मुंह में चली जाती है। कारण है कि दूरदराज अस्पताल में पहुंचने व औपचारिकताएं पूरी होने तक तीन चार घंटे समय बरबाद हो जाता है। अगर मुंगराबादशाहपुर में रेलवे फाटक बंद हो जाता है तो घंटों समय और बरबाद हो जाता है। इस लिए यहां पर ट्रामा सेंटर खुलना जरुरी हो गया है। राजीव केसरी, पूर्व अध्यक्ष नगर व्यापार मंडल व भाजपा नेता मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में असाधारण मर्ज की बात दूर रहा साधारण रोगों के उपचार हेतु सुविधाओं से युक्त कोई सरकारी स्तर से सुविधा नही है। परिणीति रहा कि लोगों को इलाज हेतु बाहर जाना पड़ता है। चुनावी बेला में जनप्रतिनिधि भी वादा करके नौ दो ग्यारह हो जाते है। मनीष केसरी, आप नेता मुंगराबादशाहपुर।

## जैविक खेती के लिए किसानों को किया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कस्बे के महराजगंज रोड पर दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रदर्शनी लगा कर किसानों को जैविक खेती करने के लिए जागरूक किया गया! समिति के जिला प्रभारी चन्दन सिंह ने कहा कि किसान भाई अच्छी उत्पादकता के उद्देश्य से खेतों में यूरिया, डाई, पोटाश जैसे उर्वरक का प्रयोग न करें! इससे प्रयोग से दिन प्रति दिन खेतों की सेहत जहाँ बिगड़ रही है वहीं इससे उत्पादित फसल का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है! उन्होंने बताया कि जैविक खेती के प्रयोग से खेत की सेहत जहाँ स्वस्थ होती है वहीं फसल की उत्पादकता में भी बढ़ोत्तरी होती है! प्रभारी सिंह ने क्षेत्र के किसान ग्राम डेहुणा निवासी बाबूराम यादव, वृजेश यादव, शनि यादव मल्लूपुर आदि किसानों को निःशुल्क जैविक खाद भी दिया! इस मौके पर एरिया प्रबन्धक शिवम् ने भी जैविक खेती के लिए किसानों को जागरूक किया!

## व्यापारियों के दो नमूने फेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कस्बे के दो व्यापारियों के लिए गये नमूने को खाद्य विश्लेषक प्रयोग शाला लखनऊ ने फेल कर दिया है! यह जानकारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय ने दी है! उन्होंने बताया कि 15 मार्च को खाद्य सुरक्षा की टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी रघुनाथ पटेल तथा सूर्य मणि ने कस्बे के दो दुकानदार क्रमशः शनी गुप्ता के यहाँ से रंगीन कचरी तथा दीपक की दुकान से चिप्स का नमूना भरा था! दोनों नमूना जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया था! जांच रिपोर्ट में दोनों नमूना फेल यानी मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाया गया है! इस सम्बन्ध में दुकानदारों को कार्यवाही नोटिस भी जारी कर दी गयी है! मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने व्यापारियों से अपील किया है कि किसी भी दशा में मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर पहुंचाने वाली खाद्य सामग्री की बिक्री न करें! अन्यथा की दशा में नमूना फेल पाए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी!

## प्याज लदी ट्रक पलटी : बाल बाल बचा चालक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर बिहरदर गांव के सामने प्याज लदी ट्रक असंतुलित हो पलट गई |संयोग से चालक बाल बाल बच गया।घटना गुरुवार रात 11बजे की है। चालक संतोष कुमार निवासी मुगलसराय, चंदौली प्याज लदी ट्रक वाराणसी से आजमगढ़ लेकर जा रहा था।वह आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर बिहरदर गांव के सामने पहुंचा ही था कि ट्रक असंतुलित होकर पलट गई।दुर्घटना में चालक बाल बाल बच गया।घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी है।

## जाग जाने से मवेशी चोर भागा : दूसरे जगह वृद्धा को पीटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र में एक स्थान पर मवेशी चोरी कर रहे चोर पशु पालक के जाग जाने पर भाग निकले तो दूसरी जगह जाग जाने पर वृद्धा की पिटाई कर भाग गए।महिला का इलाज निजी चिकित्सालय में कराया गया।घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी। क्षेत्र के बगेरवां गांव निवासी शंकर राम के दरवाजे पर बंधी दो गायों को पांच की संख्या में आये चोरों ने ज्यो ही खूंटे से छोड़ना चाहा तो शंकर की मां जाग गई और शोर मचाना शुरू किया तो आस पास के लोग दौड़े इसी बीच चोर मौका देख फरार हो गए वहीं दूसरी ओर खलियाखास गांव निवासी 43 वर्षीय सीता देवी पत्नी मूलचंद सोनकर अपने दरवाजे के सामने सोई थी कि दो की संख्या में मुंह बांधे आए चोरों ने जाग जाने पर गला दबा कर मारने का प्रयास किया। शोर सुन उठे परिजन उन्हें पकड़ना चाहा लेकिन मौका ताड़ सभी भाग निकले ।परिजन घायल महिला का इलाज एक निजी चिकित्सालय में करा रहे हैं। इसके दो दिन पूर्व चंदवक थाना से चंद कदम की दूरी पर पिंटू सेठ की ज्वेलरी दुकान के पीछे का दरवाजा तोड़ दुकान में चोर घुसे थे जहां शराब भी पी थी। आहट सुन पड़ोसियों ने शोर मचाया तो चोर भाग निकले।ऐसी घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।ग्रामीणों का आरोप है कि चंदवक चौराहा पर पिकेट के गश्ती सिपाही रात्रि 11 बजे के बाद गायब हो जाते है जिससे चोर बेखौफ हो जाते है। रात्रि 9 बजे तक थानेदार मय फोर्स रहते तो जरूर है लेकिन उसके बाद कोई दिखाई नही देता।

## अभिकर्ताओ ने धरना प्रदर्शन के साथ किया पूर्ण कार्य बहिष्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करबा स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय पर शुक्रवार को अभिकर्ताओं ने पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार धरना प्रदर्शन के साथ ही कामकाज ठप रखा।शाखा कार्यालय के मुख्य द्वार पर शान्तिपूर्ण धरना दिया और आईआरडीए के खिलाफ नारेबाजी किया। अभिकृताओ की मुख्य मांगों में कमीशन बढ़ाने की मांग , क्लब मेंबर कोटा घटाए जाने की मांग ,पॉलिसी होल्डर को एजेंट न बदलने की छूटऔर एलआईसी पॉलिसी को डीमेट नही करने की मांगकी गई । वक्ताओ ने कहा कि इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (इरडा) अभिकर्ताओं का शोषण कर रही है और प्राइवेट कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के ऊपर अप्रत्याशित दबाव बना रही है जिससे एकमात्र सरकारी कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम के व्यवसाय पर प्रभाव पड़ रहा है । भारतीय जीवन बीमा निगम भारत की एकमात्र सरकारी कंपनी है जिसका बाजार में पचासी प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है । प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमोद कुमार सिंह ,चंचल कुमार मौर्य, महेंद्र कुमार, अनिल कुमार पांडेय ,शिवप्रसाद ,उमेश चंद सोनी , रमा शंकर ,सूर्यदेव मौर्य, कमलाप्रसाद, लल्लू पटेल, बनवारी, मैया राम समेत दर्जनों अभिकर्ता शामिल रहे।

## सड़क पर मोबाइल पर बात करना पड़ा भारी : बाइक सवार मोबाइल छीनकर हुए फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में सड़क पर मोबाइल पर बात कर रहे एक युवक की बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश मोबाइल छीनकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक जांच पड़ताल किया लेकिन बदमाशों का कुछ पता नही चला। बृहस्पतिवार की देर रात



को गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव निवासी सुनील विश्वकर्मा अपनी मोबाइल से सड़क पर बात कर रहा था। आरोप है कि उसी दौरान एक बाइक से दो अज्ञात बदमाश पहुंचे और वह सुनील का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। सुनील ने शोर मचाया तो काफी लोग जुट गए। सूचना पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह पहुंच गए। उन्होंने काफी देर तक नाकेबंदी कर के जांच पड़ताल किया लेकिन उक्त बदमाशों का कही कुछ पता नही चला। इस संदर्भ में पूछे जाने पर एसओ गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मोबाइल छीनने की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। तहरीर मिल गयी है। छानबीन की जा रहा है।

## यदि महिलाओं के साथ होता है कोई भी अपराध तो हेल्पलाइन नंबर पर करें कॉल : तुरंत होगी कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के धर्मापुर व किरतापुर गांव में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला थानाध्यक्ष किरन मिश्र ने चौपाल लगाकर महिलाओं व किशोरियों को सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के निर्देश पर शुक्रवार को महिला थानाध्यक्ष किरन मिश्र ने क्षेत्र के धर्मापुर व किरतापुर गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं व किशोरियों को महिला सुरक्षा व महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दिया। महिला थानाध्यक्ष किरन मिश्र ने महिलाओं व किशोरियों को जागरूक करते हुए बताया कि कभी राह चलते या अकेले व सुनसान स्थान पर कोई भी व्यक्ति आप लोगो को अश्लील इशारे या छेड़खानी करने की कोशिश करता है तो आप तुरंत अपने मोबाइल फोन से महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 , डायल 112 पर कॉल करें, कॉल करने के कुछ ही मिनट में पुलिस आप की मदत करने के लिए पहुच जाएगी। पुलिस आप को उक्त बदमाश से बचाकर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज देगी। ताकि दोबारा वह ऐसी घटना किसी के साथ न दोहरा सके। महिला थानाध्यक्ष ने महिलाओं से कहा कि कभी भी कोई अज्ञात नम्बर से कॉल कर के आप लोगो से बात करने की कोशिश करें तो आप लोग बिल्कुल न करें। और अपने सम्बंधित थाने पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि महिलाओं व किशोरियों की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा समय से मौजूद रहेगी। महिला थानाध्यक्ष ने गांव की किशोरियों व महिलाओं को अपना सीयूजी नम्बर भी दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान जयहिंद यादव, विनोद कुमार यादव, महिला आरक्षी आरती सिंह, रोमी तिवारी, सुमन भारती, पूनम सागर मौजूद रहे।

## पी एम टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत वितरित किया राशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पीएम टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत सी एच सी मछलीशहर के सभागार में ब्लाक और अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में 25 टी बी के मरीजों को राशन वितरण किया गया। प्रधानमंत्री क्षय रोग मुक्त भारत अभियान के तहत अस्पताल के सभागार में एक गोष्ठी आयोजित हुई जिसमे अस्पताल के अधीक्षक डा0विशाल यादव ने टी बी के मरीजों को बचाव और परहेज के विषय में जानकारी दी।गोष्ठी में उपस्थित 25 मरीजों को ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम निहोर ने पोषण सामग्री का किट प्रदान किया,जिसमे 2किलो चना,एक किलो अरहर की दाल,12 किलो चावल ,500मिली दूध,आदि सामग्री दी गई। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी सहकारिया राजेंद्र प्रसाद चौरसिया,ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार और कमलेश,आयुष्मान मित्र राकेश मिश्रा, एल टी संजीव कुमार, एस टी एल एस जनार्दन पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में 69000 शिक्षक भर्ती घोटाले के सरगना केएल पटेल की 10 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

प्रयागराज ब्यूरो : 69000 शिक्षक भर्ती घोटाले के मास्टर माइंड केएल पटेल की 10 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे के तहत की जा रही है। शिक्षक भर्ती के मामले में केएल पटेल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मूल रूप से बहरिया के रहने वाले केएल पटेल के दो आलीशान मकान शहर के मम्फोर्डगंज में हैं। यहां पर बड़ी संख्या में पुलिस और फोर्स पहुंच गई। बता दें कि शिक्षक भर्ती घोटाले में जेल भेजा गया सरगना केएल पटेल शिवकुटी थाने से वांटेड चल रहा था। 2019 में रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में पेपर आउट कराने के मामले में केएल पटेल समेत कई लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई गई थी। केएल पटेल के साथ उसका चेला संतोष बिंद को भी वांटेड किया गया था। हालांकि इस मामले में दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में नकल का भंडाफोड़ एसटीएफ ने किया था। जांच में पता चला है कि पटेल ने करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली है। इसकी भी जांच शुरू कर दी गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य और स्कूल प्रबंधक केएल पटेल इतना शातिर शख्स



है कि महज कुछ सालों में उसने कई करोड़ की संपत्ति अर्जित कर ली। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि वह रेलवे, क्लर्क, शिक्षक, लेखपाल आदि भर्तियों में सेंधमारी करता था। 2019 में एसटीएफ ने रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में नकल और पेपर आउट का खुलासा किया था। इसमें तकरीबन आधा दर्जन लोग पकड़े गए थे। उनसे पूछताछ में खुलासा हुआ था कि गिरोह का सरगना केएल पटेल है। पुलिस ने केएल पटेल और उसके चेले संतोष बिंद को उस मामले में वांटेड कर दिया था। संतोष बिंद वही शख्स है जिसे की एल पटेल के साथ 69000 शिक्षक भर्ती में जेल भेजा गया है। पुलिस के खुलासे में पता चला कि कल पटेल ने भर्ती परीक्षाओं में सेल लगाकर करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली है। पटेल की संपत्तियों की भी जांच की जा रही है।

## टीबी रोगियों के घर–घर भाजपा कार्यकर्ता देंगे दस्तक और एक वर्ष तक पोषक आहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत जनपद जौनपुर में भाजपा कार्यकर्ता टीबी मरीजों के घर–घर दस्तक देंगें। शुक्रवार 30 सितंबर को इसकी शुरूआत करते हुए एक वर्ष तक उनकी दवा, पोषक आहार की व्यवस्था करते हुए देखभाल करेंगे। इसी क्रम में आज लीलावती अस्पताल में क्षय रोगियों को गोद लेने को लेकर एक कार्यक्रम हुआ जिसमें जिलाध्यक्ष पुष्पराज, राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी, और जिला मुख्य चिकित्साधिकारी श्रीमती लक्ष्मी, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता और जिला मंत्री रविन्द्र सिंह राजू दादा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से भाजपा अनवरत सेवा कार्यक्रम मना रही है, जो दो अक्टूबर तक चलेगा। जनपद में गंभीर बीमारी टीबी से मुक्त रखने के लिए जिले से टीबी मरीजों को एक–एक भाजपा कार्यकर्ता गोद लेगा। कार्यकर्ता एक वर्ष तक गोद लिये मरीज को दवा, पोषण आहार की जिम्मेदारी लेते हुए देखभाल करेगा। राज्य सभा सांसद इस कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नौ सितंबर को शुरू किए गए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत तपेदिक रोगियों को गोद लिया गया है इस अभियान का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य में निर्धारित 2030 तक सभी देशों से टीबी उन्मूलन से पांच साल पहले ही बीमारी को 2025 तक भारत से खत्म करना है। सरकार ने सामुदायिक सहायता कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत क्षय रोगियों को व्यक्तियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों या संस्थानों द्वारा गोद लिया जा रहा है। इसी के अंतर्गत सीमा द्विवेदी ने राकेश यादव को गोद लिया, स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कोमल गिरी को, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह शकुन्तला गौतम को, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू ने सबा बानो को, मछलीशहर जिलाध्यक्ष रामविलास पाल ने अंतिमा गौतम को, पूर्व विधायक डॉ हरेन्द्र सिंह ने चन्दा कुमारी को, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने चाँदनी निषाद को, पीयूष गुप्ता ने साधना मौर्या को, ई अमित श्रीवास्तव ने नितीन यादव को, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने रवि गुप्ता को, जिला महामंत्री मछलीशहर राजेन्द्र श्रीवास्तव ने



माया सिंह को, जिला पंचायत सदस्य श्याम बाबू यादव ने परमेश निषाद को, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन ने प्रमीला यादव को, सभासद द्रव नन्दलाल यादव ने जैनब सिद्दीकी को, शरद टण्डन ने अयेसा बानो को, मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा ने मोनिका जोशी को गोद लिया। अंत मे टी बी से पीड़ित रोगियों को एक पोषण आहार किट वितरित कर अभियान की शुरुआत की गई।

## मीट फैक्टरी में अमोनिया रिसाव से 59 महिला कर्मी बेहोश

अलीगढ़ ब्यूरो : बसपा नेता हाजी जहीर की मीट फैक्टरी अलदुआ फूड प्रोसेसिंग यूनिट में बृहस्पतिवार सुबह अमोनिया गैस के रिसाव से 59 महिला कर्मचारियों की हालत बिगड़ गई। इन सभी को बिना पुलिस को सूचना दिए फैक्टरी प्रबंधन ने जेएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। घटना में फैक्टरी प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। जिसके आधार पर फैक्टरी स्वामी सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है, जिनमें से छह नामजद गिरफ्तार किए गए हैं। सराय मियां निवासी हाजी जहीर की रोरावर क्षेत्र में तालसपुर के पास यह यूनिट स्थापित है। जहां से देश–विदेश में मीट की सप्लाई की जाती है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 9:30 बजे फैक्टरी के पैकेजिंग विभाग में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी काम में जुटी थीं। इसी दौरान अचानक तेजी से अमोनिया का रिसाव शुरू हुआ। एक–एक कर काम में जुटी 59 कर्मचारी बेहोश हो गईं। इनमें कई किशोरियां भी थीं। इससे फैक्टरी में भगदड़ मच गई। आनन–फानन में फैक्टरी प्रबंधन ने निजी वाहनों से बेहोश स्टाफ को जेएन मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहीं, जेएन मेडिकल कॉलेज से इस सूचना पर डीएम इंद्र विक्रम सिंह, एसएसपी कलानिधि नैथानी, एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुणावत समेत पुलिस–प्रशासनिक अमला वहां पहुंच गया। जहां उपचार की व्यवस्था देखी। बाद में अधिकारियों ने डीआईजी दीपक कुमार संग मौके पर जाकर भी जायजा लिया गया। – दुर्घटना की मौके पर की गई जांच में पाया गया कि अमोनिया की आपूर्ति जिस पाइप से हो रही थी, वह वेल्डिंग के बाद प्रयोग में लाई जा रही थी। इससे लापरवाही उजागर हुई है। उसे बदला जाना चाहिए था। जो 59 कर्मचारी बेहोश हुए हैं। अब उन सभी की हालत में सुधार है। बाकी मुकदमा व गिरफ्तारी की कार्यवाई जारी है। फैक्टरी मालिक फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# ताज के 500 मीटर दायरे में सर्वे हुआ शुरू : सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एडीए ने कराई पैमाइश

आगरा ब्यूरो : ताजमहल से 500 मीटर का प्रतिबंधित क्षेत्र मापने के लिए विकास प्राधिकरण की दो टीमें बृहस्पतिवार को ताजगंज पहुंचीं। सड़कों पर फीते डाले गए। मशीनों की मदद से सर्वे किया। क्षेत्र बड़ा होने के कारण शुक्रवार से चार टीमें सीमा निर्धारण व चिह्नांकन करेंगी। प्रतिबंधित दायरे में हो रही सभी व्यावसायिक गतिविधियां बंद होंगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर विकास प्राधिकरण ने ताजमहल के 500 मीटर के दायरे में व्यावसायिक गतिविधियां रोकने के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। इसमें राजस्व विभाग की मदद ली जा रही है। ताकि भविष्य में दोबारा चिह्नांकन की जरूरत न पड़े। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष चर्चित गौड़ ने बताया कि बृहस्पतिवार को दो टीमों ने सीमा निर्धारण किया है। दक्षिणी गेट, पूर्वी गेट और पश्चिमी गेट से 500 मीटर का दायरा बड़ा है। बड़ा क्षेत्र होने के कारण टीमें और बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद नोटिस जारी किए जाएंगे। फिर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंधित परिधि से सभी व्यावसायिक गतिविधियों को बाहर किया जाएगा। 500 मीटर के दायरे में कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं होगी। दोपहर में एडीए उपाध्यक्ष ने टीम के साथ ताजमहल के आस–पास क्षेत्रों का दौरा किया है। एएसआई के पास नहीं सर्वे का रिकॉर्ड सन 2000 में सुप्रीम कोर्ट ने 500 मीटर का दायरा तय किया था। तब 71 दुकानदारों को पश्चिमी गेट से हटाया गया था। 22 साल पहले हुए सर्वे का रिकॉर्ड भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) से एडीए ने मांगा था। बृहस्पतिवार को एएसआई ने एडीए को भेजे जवाब में कहा कि उनके पास सर्वे का कोई रिकॉर्ड नहीं है। एएसआई ने ऐसा कोई सर्वे नहीं कराया है। प्रतिबंधित परिधि में दुकानें चला रहें लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को विकास



प्राधिकरण के कार्यालय पहुंचा। जिनमें दक्षिणी गेट व पूर्वी गेट के व्यापारी शामिल थे।एडीए द्वारा की जा रही कार्रवाई पर आपत्ति जताई। एडीए उपाध्यक्ष से मुलाकात नहीं हो सकी।वहीं, पश्चिमी गेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं याचिकाकर्ता अमर सिंह राठौर का कहना है कि उन्होंने सिर्फ अपने हक की लड़ाई लड़ी है। उनका उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं है। कोई भी नियम सभी के लिए समान रूप से लागू होना चाहिए। बता दें ताज के प्रतिबंधित क्षेत्र में 400 से अधिक होटल, दुकान व एंपोरियम हैं। वर्ष 2000 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया था। इस क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध है। परिवहन विभाग की ओर से नए पास जारी करने पर रोक लगा दी गई है। विशेष पास के जरिये ही यहां लोग निजी वाहन से आवाजाही कर सकते हैं।

# दुर्गा पूजा सहित अन्य पर्वों को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने के लिये पुलिस कर्मियों ने किया पैदल गस्त

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिले में इस समय जहां एक ओर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक रामलीला का मंचन जोर शोर से चल रहा है। वहीं जिले में कहीं मां दुर्गा पूजा भी प्रारंभ हो गई। इस दौरान वहां कोई अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन भी काफी चौकन्ना हो गया है।जिसके चलते इस समय पुलिस प्रशासन सभी थाना क्षेत्रों में शांति कमेटी की बैठक आयोजित कर वहां पर उत्पन्न समस्याओं से रुबरु होकर उसका निराकरण करने का काम कर रहे हैं। वहीं इसी कड़ी में गुरुवार को शाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर जिले के शहर क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक मधुवन कुमार सिंह ने सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह के अलावा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर के नेतृत्व में सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च निकाला। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने जहां एक ओर जनता को आगामी पर्व पर उनको सुरक्षा के प्रति भरोसा दिलाया वही इस मौके पर उन्होंने अराजक तत्वों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अगर कोई भी दुर्गा पूजा, रामलीला व दीपावली पर्व पर कोई कानून के विपरीत कार्यों में



लिप्त होता पाया गया तो पुलिस उनके विरुद्ध पुलिसिया कार्यवाही करेगी। वही इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण समस्त क्षेत्राधिकारी व थानाप्रभारी/थानाध्यक्ष द्वारा पुलिस बल के साथ अपने–अपने थाना क्षेत्र में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, चौराहों आदि स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी।

# पूर्व मंत्री आजम खां को बड़ी राहत : हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक : करीबियों को झटका

प्रयागराज ब्यूरो : सपा नेता पूर्व मंत्री आजम खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने आजम खान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। जौहर विवि में खुदाई के दौरान सरकारी मशीन मिलने के मामले में आजम खां समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए आजम खां ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस आदेश को आजम खां को बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। आजम के करीबियों को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत जौहर विश्वविद्यालय में खुदाई के दौरान सरकारी मशीन मिलने के मामले में आजम खान भले ही राहत मिली हो लेकिन उनके करीबियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने आजम के करीबी जकी उर रहमान अली हसन और उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम पर यूपी सरकार की ओर से दर्ज कराई गई 77 एफ आई आर को



रद्द कराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ जकी उर रहमान की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रही थी सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने सभी आज 77 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की मैराथन बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था और शुक्रवार को भरी अदालत में अपना फैसला सुनाया इससे आजम के करीबियों को राहत नहीं मिली है।

# हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी : गुजारा भत्ते के लिए कोर्ट की 24 वर्षों की ढिलाई न्याय की भ्रूण हत्या

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि गुजारा भत्ते के लिए कोर्ट की ढिलाई के 24 साल, त्वरित न्याय दे पाने की विफलता और न्याय की भ्रूण हत्या के सिवाय कुछ नहीं है। कोर्ट ने 'न्याय किया ही न जाय, होता दिखाई भी दे' के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए महिला को पांच हजार रुपये दिए जाने का आदेश दिया है। कहा है, यह राशि उप्र विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती रेनू दयाल को आठ हफ्ते में भुगतान करे। कोर्ट ने परिवार अदालत झांसी की ओर से 29 सितंबर 1998 के आदेश से पत्नी को एक हजार रुपये महीने का गुजारा भत्ता देने के खिलाफ पति की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने अनिल अल्बर्ट की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने 24 साल तक याचिका तय न कर पाने को न्याय के साथ बड़ा मजाक करार दिया। मामले में परिवार अदालत ने 1998 में पत्नी की धारा 125 की अर्जी पर एक हजार रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। रेलवे में मजदूर पति ने चुनौती दी। 6अक्तूबर 1999 को हाईकोर्ट ने आदेश पर रोक लगा दी और 500 रुपये गुजारा भत्ता का भुगतान करने का निर्देश दिया। वह पांच सौ रुपये मिल रहा है या नहीं रिकॉर्ड पर नहीं है। अधिवक्ता को भी जानकारी नहीं है। रिकॉर्ड से इतना पता चल रहा है कि वसूली वारंट को पति ने चुनौती दी है किन्तु अंतरिम राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने कहा, याची अधिवक्ता परिवार अदालत के आदेश में किसी प्रकार की अवैधानिकता नहीं दिखा सके । आज की मंहगाई को देखते हुए एक हजार रुपये काफी कम है, और याचिका खारिज कर दी।

# परेड निरीक्षण के बाद एसएसपी अयोध्या ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक पुलिस लाइन परिसर में शुक्रवार को परेड के दौरान सलामी‍ का निरीक्षण किया।वही इसी कड़ी में उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में कही जगहों पर जाकर बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर उनको जो कमियां मिली उसे शीघ्र से शीघ्र ठीक कराने का दिशा निर्देश वहां पर मौजूद अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को दिया। सूत्र के मुताबिक शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया।वही निरीक्षण के पश्चात् उन्होंने परेड में एक रूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया।वही इसी कड़ी में उन्होंने पुलिस कर्मियों को अन्य दिशा निर्देश दिए। उसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों



के साथ पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया।इस दौरान उन्होंने परिवहन शाखा, यू0पी0112 कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, आवासीय परिसर, भोजनालय, बैरिक, स्टोर, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रभारी पुलिस लाइन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इस दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पीएफआई का एक और सदस्य गिरफ्तार : फोन से फोटो–वीडियो मिले : सामने आया दिल्ली और केरल का कनेक्शन

वाराणसी ब्यूरो : देशभर में एटीएस की ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। वाराणसी के लोहता के अलावल से एटीएस और पुलिस ने पीएफआई के एक और सक्रिय सदस्य अब्दुल को गिरफ्तार किया है। गुरुवार रात को ही पुलिस ने अब्दुल समेत दो युवकों को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान अब्दुल के मोबाइल से कई अहम साक्ष्य मिले हैं। पीएफआई से जुड़े वीडियो और फोटो, अन्य दस्तावेज सहित केरल व नई दिल्ली के नई पदाधिकारियों के नंबर भी मिले हैं। ऑनलाइन चाय पत्ती का कारोबार करने वाला अब्दुल इस साल पार्षद का चुनाव लड़ने की तैयारी में था। पीएफआई के विंग सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) में अब्दुल की सक्रियता अधिक थी। एटीएस और पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि अब्दुल बीसीए पास है और वह एडीपीआई से जुड़े अन्य सदस्यों को ट्रेनिंग देता था। केरल





और नई दिल्ली में पीएफआई से जुड़े कार्यक्रमों में कई बार हिस्सा ले चुका है। फिजिकली तौर पर भी अन्य सदस्यों को ट्रेनिंग देता था। उसके मोबाइल में कई ऐसे एप भी मिले हैं, जिसके जरिए वह पीएफआई के बड़े पदाधिकारियों के संपर्क में रहता है। पुलिस के अनुसार पूछताछ की जा रही है। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कटिले तारों के प्रतिबंध पर दिया बड़ा बयान

बहराइच ब्यूरो : किसान महापंचायत में शामिल होने श्रावस्ती जा रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कटिले तारों के प्रतिबंध पर बड़ा बयान दिया है। राकेश टिकैत ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा, कि बड़ी बड़ी कोठियों में बैठकर किसानों की समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता। सरकार ने कटिले तारों पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन सरकार ने ये नही बताया, कि किसान छुट्टा मवेशियों से अपने फसलों की रक्षा कैसे करें। किसान अब या तो फसलों की सुरक्षा कर ले, या मुकदमा लिखवा लें। तो मुकदमा लिखवाना ही ठीक है। खेतों में कटीले तार तो लगेंगे। फिर चाहे सरकार किसानों पर जितना मर्जी मुकदमा लिखवा ले। राकेश टिकैत ने कहा कि ब्लेड वाले तारों से पशुओं को खतरा है, लेकिन कटीले तार नुकसान दायक नही है। गौशाला व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगाते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि गौशाला के नाम पर इतना बजट दिया जा रहा है, तो फिर इतने छुट्टा पशु क्यों है। सरकार सभी पशुओं को गौशाला में क्यों नहीं रख देती। अगर ऐसा हो, तो किसान तार ही न लगाएं। गन्ना खरीद पर उन्होंने कहा कि कुछ



मिलों ने तो गन्ना भुगतान कर दिया है, लेकिन कुछ का दो–दो साल से बकाया है। इस पर अधिकारियों व मिल प्रबंधन से बात की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है, कि गन्ना खरीदे शुरू होने से पहले किसानों का बकाया गन्ना भुगतान करवाया जायेगा। इसका पालन करें सब। इससे पूर्व किसान यूनियन जिलाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा ने जरवल में राकेश टिकैत का जोरदार स्वागत किया।

# जेल में आरोपी डायरेक्टर से पूछताछ की हाईकोर्ट ने संपत्ति का ब्योरा लेने को दी अनुमति

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के करोड़ों के बड़े स्कैंडल में आर्थिक अपराध विंग को, गिरफ्तार डायरेक्टर आसिफ नसीम से जेल में जाकर पूछताछ की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने जांच एजेंसियों में तालमेल की कमी एवं एनसीएलटी के संपत्तियां बेचने पर रोक के बावजूद सितंबर 22मे अबूधाबी में बैठे आरोपी की ओर से मोहनलालगंज की जमीन बेचने पर कड़ी नाराजगी जताई। कहा, सीरियस फ्रॉड को हल्के में न लें। भारत सरकार के अपर सॉलिसिटर जनरल शशि प्रकाश व मनोज कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया कि विदेश से अभियुक्तों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया चल रही है। सीरियस अपराध शाखा मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कोर्ट ने याचिका को 17 अक्तूबर को पेश करने का निर्देश देते हुए केंद्र व राज्य सरकार से कृत कार्यवाही की जानकारी मांगी है। राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफ ए नकवी ने पक्ष रखा। अपर सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि 25मई 22को ही एनसीएलटी ने कंपनी की संपत्ति को बेचने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार से इस आदेश को अखबार में प्रकाशित करने को कहा ताकि निवेशकों व अन्य लोगों की गाढ़ी कमाई अपराधी विदेश में ट्रांसफर न कर सकें। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति



विक्रम्म डी चौहान की खंडपीठ ने श्रीराम की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी जांच कर रही और जेल में बैठा अपराधी जमीन बेच रहा। पैसा हवाला के जरिए विदेश में ट्रांसफर किया जा रहा है। कुल 68 हजार करोड़ के घपले का आरोप लगाया गया है। कोर्ट में डायरेक्टर जनरल आर्थिक अपराध विंग अन्य अधिकारियों के साथ हाजिर थे। कोर्ट को बताया गया कि पैसा विदेशों में भेजा जा रहा है। लोगों को प्रलोभन देकर फंसाया जा रहा है। केंद्र सरकार के अधिकारी ने कहा, बैंकों को आदेश जारी किए गए हैं। कंपनी से संबंधित लेनदेन पर रोक लगाने को कहा गया है। कितनी जमीन संपति कहां है, आरोपी सहयोग नहीं कर रहे। इस पर जेल में पुलिस को पूछताछ कर पता लगाने की अनुमति दी गई है।

# रात में रामलीला देखने गया था शिवम : सुबह खेत में मिला शव : हत्या की आशंका

बलिया ब्यूरो : बलिया से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नगरा थाना क्षेत्र के डिहवा गांव में धान के खेत में 17 वर्षीय किशोर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक की गला घोंट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई है। जांच की जा रही है। नगरा थाना क्षेत्र के डिहवा निवासी शिवम यादव रात में खाना खाने के बाद गांव में हो रही रामलीला देखने गया था। वापस घर नहीं आया। सुबह शिवम का शव धान के खेत में मिला। शौच करने गए लोगों ने शव देखने के बाद शोर मचाया। पुलिस को सूचना दी। शिवम तीन भाइयों में सबसे छोटा है। इसके पिता शैलेंद्र यादव बाहर रहते हैं। शिवम के दोनों बड़े भाई पिता के साथ रहते हैं। घर पर मां के साथ शिवम रहता था। थाना प्रभारी देवेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला के अंतर्गत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष में नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ





के दर्शनशास्त्र विभाग एवं 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन पर आधारित 50 बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 55 छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा– प्रथम– कैडेट आयुषी सिंह द्वितीय– अलीशा फातिमा तृतीय–कैडेट दीपाली तिवारी एवं सोनी सिंह सांत्वना पुरस्कार हेतु– महक, राशि सिंह, भावना राठौर एवं नेहा कुमारी डॉ सृष्टि श्रीवास्तव तथा डॉ संगीता कोतवाल ने भी प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

# नगर निगम में शामिल इलाकों के लिए मांगा 125 करोड़ का पैकेज

अलीगढ़ ब्यूरो : नगर निगम क्षेत्र में इस वर्ष शामिल हुए 16 और पूर्व में शामिल 19 गांवों के विकास के लिए 125 करोड़ का विशेष पैकेज मांगा गया है। कोल क्षेत्र के भाजपा विधायक अनिल पाराशर की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिख अनुरोध किया गया है कि जिस तरह वाराणसी व गोरखपुर नगर निगम में नए शामिल गांवों को विशेष पैकेज जारी किया गया है, उसी तरह यहां के लिए भी यह बजट जारी किया जाए, ताकि इन इलाकों में चुनाव से पहले जरूरी विकास कार्य कराए जा सकें। इसके अलावा विधायक ने नगर निगम अधिकारियों से भी कहा है कि वे पहले से जरूरी कार्य योजना तैयार कर लें, ताकि बजट मिलते ही उन पर काम शुरू कराया जा सके। विधायक कोल के प्रस्ताव पर पिछले दिनों 16 गांव नगर निगम में शामिल किए गए हैं। इससे पहले 19 गांव शामिल किए गए थे। हालांकि उन 19 गांव में काफी काम हो चुके हैं। फिर भी इन 35 गांवों में नाली, खड़ंजा व सड़क निर्माण के बहुत जरूरी काम होना बाकी हैं। इसे लेकर विधायक अनिल पाराशर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें कहा कि इन गांवों के विकास के लिए 125 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज वाराणसी व गोरखपुर की तर्ज पर जारी किया जाए। ताकि इन इलाकों में तेजी से जरूरी विकास हो सकें। साथ में उनके स्तर से नगर निगम अधिकारियों से भी वार्ता की गई है कि वे इन इलाकों में मूलभूत जरूरतों के लिए होमवर्क तैयार करके रखें। ताकि बजट जारी होते ही काम शुरू कराया जा सके। अंत समय पर इस तरह का तर्क न दिया जाए कि प्लान तैयार होगा। तब विकास होगा। इसे लेकर नगर निगम स्तर से इन गांवों के विकास के लिए होमवर्क शुरू कर दिया गया है। विधायक ने बताया कि प्रयास है कि चुनाव से पहले इन गांवों के लिए जो भी बजट मिले, उनमें सड़क, नाली व खड़ंजा आदि का काम कराया जा सके। इस पर निगम अधिकारी भी तैयारी कर रहे हैं। वे शासन स्तर से बजट जारी कराने का प्रयास कर रहे हैं।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।